मैं डॉक्टर बनूँगा

करीना : दीपक, तुम भविष्य में क्या बनोगे ?

दीपक : आंटी, मैं भविष्य में डॉक्टर बनूँगा |

करीना : क्यों ? डॉक्टर ही क्यों ? तुम्हें मालूम है, हिन्दी के मशहूर लेखक डॉ. निर्मल वर्मा से जब उनकी दादी ने उनसे पूछा कि वे भविष्य में क्या बनेंगे, तो उनहोंने क्या कहा ?

दीपक : नहीं मालूम | मुझे बताइये न कि उनहोंने क्या बनना चाहा था |

करीना : हवलदार |

दीपक : हवलदार ? क्यों ?

करीना : वे हवलदार बनना चाहते थे, क्योंकि उन्हें हवलदार की पोशाक बहुत पसन्द थी |

दुबेजी : (आफ़िस से लौटते हैं) पोशाक की वजह से वे हवलदार बनना चाहते थे ! (हँसते हैं) हा---हा---हा--- हवलदार बनना चाहते थे |

करीना : हवलदारों से बच्चे डरते भी तो हैं | शायद इसीलिए वे अपने दोस्तों को डराना चाहते होंगे | बेटा दीपक ! तुम तो कुछ ख़ास बनोगे ? डॉक्टर बनोगे तो किसलिए ?

दीपक : मैं पैसे कमाने के लिए डाक्टर नहीं बनूँगा | मैं सच्चे दिल से मरीज़ों की सेवा करूँगा | एम.बी.बी.एस. करने के बाद मैं एम. डी. करूँगा| लेकिन मैं अपना दवाख़ाना शहर में नहीं, गाँव में खोलूँगा |

दुबेजी : तुम्हें डॉ. कोटनीस की कहानी मालूम है ?

दीपक : हाँ, वे भारतीय डॉक्टर थे | उन्होंने चीन में घायल सैनिकों की सेवा की थी | मैं भारत के गाँव में ग़रीबों की सेवा करूंगा |

करीना : ईश्वर तुम्हें ज़रूर कामयाबी देगा |

1- Gelecek zaman konusu işlenerek metin içerisindeki örnekleri analiz etmek.